आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 225 | उज्जैन, शनिवार 05 जुलाई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव 5 जुलाई को ग्वालियर में समरसता सम्मेलन में होंगे शामिल

## सामाजिक समरसता से सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण-मुख्यमंत्री



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज के सर्वांगीण विकास और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की सामाजिक समरसता की भावना के अनुसार सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश के सामाजिक परिदृश्य में तेजी से सकारात्मक बदलाव आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना है कि विकास की मुख्यधारा में हर वर्ग को साथ लेकर चलने से ही सामाजिक एकता मजबूत होती है। सामाजिक समरसता ही वह भावना है जो कठिन परिस्थितियों में भी परस्पर सहयोग और मदद के लिए प्रेरित करती है। सशक्त समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्वालियर में शनिवार को 'समरसता कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर के जौरासी गांव में बनने वाले अंबेडकर धाम का भूमि-पूजन करेंगे। यह स्थल सामाजिक समरसता, न्याय और समानता के प्रतीक डॉ. अंबेडकर के विचारों का जीवंत केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरित करेंगे, सामाजिक समरसता की शपथ दिलाएंगे और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक एकता पर विषय विशेषज्ञ अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस अवसर पर सहभोज का आयोजन भी किया गया है। राज्य सरकार ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और योगदान को सम्मान देते हुए सामाजिक समरसता को सशक्त करने के लिए शिक्षा, रोजगार, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक न्याय को केंद्र में रखकर कई योजनाएं शुरू की हैं। डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों और योगदान को सम्मान देते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के सशक्तिकरण के लिए राज्य शासन की कई प्रभावी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

# आकाश वायु रक्षा प्रणाली का मुरीद हुआ ब्राजील




नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी मिसाइलों को मार गिराने वाली भारत की आकाश वायु रक्षा प्रणाली का ब्राजील मुरीद हो गया है। उसने इस मिसाइल प्रणाली समेत कई भारतीय सैन्य साजो-सामान को हासिल करने में रुचि दिखाई है।

ब्राजील के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने पर होगी चर्चा- ब्राजील इस सप्ताह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे। इस दौरान ब्राजील के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हो सकती है।

अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि ब्राजील ने आकाश मिसाइल प्रणाली और स्कार्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों समेत भारत निर्मित कई सैन्य उपकरणों में रुचि दिखाई है। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) पी कुमारन ने बुधवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया कि पीएम मोदी की ब्राजील के नेतृत्व के साथ होने वाली चर्चा के दौरान रक्षा सहयोग एक प्रमुख एजेंडा होगा। रक्षा सहयोग, संयुक्त अनुसंधान और प्रशिक्षण पर बातचीत होगी।

उन्होंने बताया, उन्होंने (ब्राजील सरकार) युद्ध के मैदान से संबंधित संचार प्रणाली, गश्ती जहाजों, स्कार्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों के रखरखाव के लिए साझेदारी, आकाश वायु रक्षा प्रणाली और गरुड़ आर्टिलरी गन में रुचि दिखाई है।

# कौन हैं कमला बिसेसर, जिन्हें पीएम मोदी ने कहा बिहार की बेटी



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों त्रिनिदाद और टोबैगो के दौरे पर हैं, लेकिन उनकी नजर बिहार की सियासत पर भी टिकी है। उन्होंने वहां की प्रधानमंत्री कमला बिसेसर को ÷बिहार की बेटी÷ कहकर न सिर्फ भारत-त्रिनिदाद के रिश्तों को मजबूती दी, बल्कि बिहार के वोटरों को भी साधने की कोशिश की है।

कमला बिसेसर त्रिनिदाद और टोबैगो की मौजूदा प्रधानमंत्री हैं। वह इस देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के तौर पर मशहूर हैं। उनकी जड़ें बिहार से जुड़ी हैं।

पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा, ÷कमला जी के पूर्वज बक्सर, बिहार में रहा करते थे। वह खुद वहां जा चुकी हैं। लोग उन्हें बिहार की बेटी मानते हैं।

भोजपुरी चौताल से पीएम मोदी का स्वागत- पोर्ट ऑफ स्पेन में पीएम मोदी के स्वागत में भोजपुरी चौताल की प्रस्तुति भी देखने को मिली। इसे पीएम मोदी ने त्रिनिदाद एंड टोबैगो और भारत, खास करके पूर्वी यूपी, बिहार के बीच का उल्लेखनीय जुड़ाव बताया।

# Tata कॉलेज के चांसलर, स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारी समेत 34 लोगों पर FIR; भ्रष्टाचार पर CBI का बड़ा एक्शन




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया है, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों का एक गहरा जाल शामिल है।


इस सनसनीखेज मामले में भ्रष्टाचार और नियमों में हेरफेर का खुलासा हुआ है। CBI ने 34 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की है। इसमें स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारी, एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण का कर्मचारी और NMC के निरीक्षण दल के पांच डॉक्टर शामिल हैं।

सामने आए कई बड़े नाम- इस घोटाले में कई बड़े नाम भी सामने आए हैं। इसमें टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के चेयरमैन डी. पी. सिंह, गीतांजलि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मयूर रावल, रावतपुरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के चेयरमैन रवि शंकर जी महाराज और इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया शामिल हैं।

CBI ने इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार भी किया है, जिसमें NMC के तीन डॉक्टर शामिल हैं। इनपर आरोप है कि इन्होंने नया रायपुर के रावतपुरा इंस्टीट्यूट को फायदा पहुंचाने के लिए 55 लाख रुपये की रिश्वत ली थी।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारियों ने रची स्कैम की साजिश- CBI की FIR के मुताबिक, यह पूरा घोटाला स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारियों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिन्होंने बेहद गोपनीय दस्तावेजों और संवेदनशील जानकारी को बिचौलियों के जरिए मेडिकल कॉलेजों तक पहुंचाया।

# दिल्ली-मुंबई नहीं, छोटे शहरों में रहना चाहते Gen Z; वजह जानकर रह जाएंगे हैरान



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की युवा पीढ़ी अक्सर पढ़ाई और रोजगार के लिए गांव और छोटे शहरों से महानगरों की ओर पलायन करते रहे हैं।

हालांकि, अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है। आज के समय टियर-2 शहरों यानी छोटे शहरों में भी शानदार इंटरनेट स्पीड और बेहतर जीवन जीने के ज्यादातर विकल्प मौजूद हैं।

क्यों महानगरों से हो रहा लोगों का मोहभंग- इसी वजह से जनरेशन जेड (वो लोग जो साल 1997 से लेकर 2012 के बीच पैदा हुए हैं) महानगरों या मेट्रो शहरों में रहने की जगह टियर- 2 शहर में रहना ज्यादा पसंद कर रहे। दरअसल, इसके पीछे कई वजहें भी हैं। टियर-2 शहरों में लोगों को आधुनिक सुविधाएं तो मिल ही रही है वहीं, सांस्कृतिक समृद्धि भी मौजूद है। आज के समय रिमोट वर्क के विकल्प मौजूद हैं। रिमोट वर्क कल्चर की वजह से युवा पीढ़ी टियर-2 शहरों में रहना पसंद कर रहे हैं। महानगरों की तुलना में छोटे शहरों में किफायती आवास, ट्रैवलिंग की सुविधा और स्वच्छ वातावरण मौजूद है। स्मार्ट सिटीज मिशन और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) के विकास जैसी सरकारी पहलों ने बुनियादी ढांचे में सुधार और रोजगार के अवसर पैदा करके टियर-2 शहरों को और बेहतर बना दिया है।

जेनपैक्ट, एचसीएल टेक, कॉग्निजेंट और इंफोसिस जैसी वैश्विक टेक फर्म मेलूर, नागपुर, लखनऊ और भुवनेश्वर में कार्यालय खोल रही हैं।

# कर्नाटक में जाति आधारित गणना में लापरवाही बरतने पर सीएम हुए सख्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। अनुसूचित जाति के लिए जाति आधारित गणना करते समय ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में बेंगलुरु महानगरपालिका के तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा कि यदि लोगों को डर है कि सर्वेक्षण ठीक से नहीं हो रहा है तो वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

सीएम ने कहा कि क्या ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या है। हम ऑनलाइन गणना करेंगे या फिर घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। यह केवल अनुसूचित जाति से संबंधित है।

# पीएम ने कहा कि भारत की तेज प्रगति वैश्विक विकास के लिए एक प्रेरक है



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिमी अफ्रीकी देश घाना की राजधानी अक्रा में वहां की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध विश्व के निर्माण में योगदान देगा। उन्होंने वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया, खासकर बदलती परिस्थितियों के संदर्भ में।

मोदी ने कहा कि प्रगति तब तक संभव नहीं है जब तक कि ग्लोबल साउथ (विकासशील व कम विकसित देशों) को आवाज नहीं मिल जाती। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतंत्र एक व्यवस्था नहीं है, बल्कि संस्कार है। मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के दौर में भारत की लोकतांत्रिक स्थिरता आशा की किरण के रूप में चमक रही है।

भारत सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था- पीएम ने कहा कि भारत की तेज प्रगति वैश्विक विकास के लिए एक प्रेरक है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत विश्व के लिए एक शक्ति का स्तंभ है। भारत में 2,500 से ज्यादा राजनीतिक दल हैं, 20 अलग-अलग पार्टियां अलग-अलग राज्यों पर शासन करती हैं, 22 आधिकारिक भाषाएं हैं, हजारों बोलियां हैं। यही वजह है कि भारत आने वाले लोगों का हमेशा खुले दिल से स्वागत किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती-उभरती अर्थव्यवस्था है और स्थिर राजनीति और शासन के आधार पर भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मोदी ने कहा- हम पहले से ही वैश्विक विकास में लगभग 16ल का योगदान देते हैं। भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र है। भारत एक नवाचार और प्रौद्योगिकी केंद्र है, जहां वैश्विक कंपनियां जुटना चाहती हैं।

जी20 में अफ्रीकी संघ की एंट्री का जिक्र- मोदी ने कहा- दुनिया नए और जटिल संकटों का सामना कर रही है जैसे जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा। बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है। मोदी ने कहा कि प्रगति तब तक संभव नहीं है जब तक कि ग्लोबल साउथ को आवाज नहीं दी जाती। हमें केवल नारे नहीं चाहिए। उनके क्रियान्वयन की जरूरत है। यही कारण है कि भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान हमने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक के दृष्टिकोण के साथ काम किया।

उन्होंने अफ्रीका के वैश्विक मंच पर उचित स्थान पर जोर दिया और गर्व से कहा कि अफ्रीकी संघ हमारी अध्यक्षता के दौरान जी20 का स्थायी सदस्य बना। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की अफ्रीका के विकास यात्रा में एक प्रतिबद्ध भागीदार बना हुआ है।

# जल्द होगा हमास युद्ध पर फैसला, ट्रंप ने दे दी डेडलाइन; एक और जंग होगी समाप्त?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि संभवतः 24 घंटे में पता चल जाएगा कि फलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने गाजा में इजरायल-हमास युद्ध विराम के लिए अंतिम प्रस्ताव को स्वीकार करने पर सहमति व्यक्त की है या नहीं।

ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्होंने अब्राहम समझौते के विस्तार के बारे में सऊदी अरब से बात की है, जो संबंधों के सामान्यीकरण पर एक समझौता है जिस पर उनके प्रशासन ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान इजरायल और कुछ खाड़ी देशों के बीच बातचीत की थी।

ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि इजरायल ने हमास के साथ 60-दिवसीय युद्ध विराम को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक शर्तों को स्वीकार कर लिया है, जिसके दौरान दोनों पक्ष युद्ध को समाप्त करने के लिए काम करेंगे।

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या हमास ने युद्ध विराम समझौते की नवीनतम रूपरेखा पर सहमति जताई है, इस पर उन्होंने कहा, हम देखेंगे कि क्या होता है, हमें अगले 24 घंटे में पता चल जाएगा।

हमास के एक करीबी सूत्र ने गुरुवार को कहा कि इस्लामवादी समूह ने गारंटी मांगी है कि नए अमेरिकी समर्थित युद्ध विराम प्रस्ताव से गाजा में इजरायल के युद्ध का अंत होगा। दो इजरायली अधिकारियों ने कहा कि उन विवरणों पर अभी भी काम किया जा रहा है।

गाजा के अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार को इजरायली हमलों में दर्जनों फलिस्तीनी मारे गए। दशकों पुराने इजरायल-फलिस्तीनी संघर्ष में नवीनतम जंग 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई जब हमास ने इजरायल पर हमला किया, जिसमें 1200 लोग मारे गए और लगभग 250 बंधक बनाए गए।

गाजा का बयान- गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इजरायल के बाद के सैन्य हमले में 56,000 से ज्यादा फलिस्तीनी मारे गए हैं। साथ ही युद्ध की वजह से भुखमरी का संकट भी पैदा हुआ है, गाजा की पूरी आबादी आंतरिक रूप से विस्थापित हो गई है और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में नरसंहार और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में युद्ध अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, इजरायल ने आरोपों से इनकार किया है।

ट्रंप ने इस साल की शुरुआत में गाजा पर अमेरिकी कब्जे का प्रस्ताव रखा था, जिसकी दुनिया भर में मानवाधिकार विशेषज्ञों, संयुक्त राष्ट्र और फलिस्तीनियों ने निंदा की थी।

क्या है अब्राहम समझौता- ट्रंप ने अब्राहम समझौते पर टिप्पणी तब की जब उनसे अमेरिकी मीडिया की उस रिपोर्ट के बारे में पूछा गया जिसमें कहा गया था कि उन्होंने व्हाइट हाउस में सऊदी रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान से मुलाकात की थी।

ट्रंप ने कहा, यह उन चीजों में से एक है जिसके बारे में हमने बात की। मुझे लगता है कि बहुत से लोग अब्राहम समझौते में शामिल होने जा रहे हैं।

# RAW और Mossad मिलकर कर रहा था काम, PAK फैला रहा था झूठ लेकिन खुल गई पोल; Iran-Israel War से जुड़ा कनेक्शन

नई दिल्ली (एजेंसी)। हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस और उससे जुड़ा संगठन पाकिस्तान स्ट्रैटेजिक फोरम ने भारत के खिलाफ एक झूठे प्रचार अभियान की शुरुआत की है।



यह अभियान उस समय शुरू किया गया जब मिडिल-ईस्ट में अमेरिका, ईरान और इजरायल के बीच तनाव अपने चरम पर था। Disinfo Lab की रिपोर्ट के अनुसार, इस दुष्प्रचार का मकसद आसिम मुनीर की अमेरिकी यात्रा को लोगों की नजरों से छुपाना था।

भारत के खिलाफ क्या-क्या झूठ फैलाए गए- Disinfo Lab की रिपोर्ट के अनुसार, जो झूठ पाकिस्तान के नेटवर्क्स के द्वारा फैलाए गए वो हैं- चार रॉ एजेंट गिरफ्तार- पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने चार भारतीय खुफिया एजेंटों को CPEC और सैन्य ठिकानों की जासूसी करते हुए पकड़ा। लेकिन इस दावे का कोई पुख्ता सबूत नहीं है, न ही ईरान या किसी अंतराष्ट्रीय संस्था ने इसकी पुष्टि की।

भारत को आतंकवादी राष्ट्र कहा गया सोशल मीडिया पर भारत और इजरायल को आतंक फैलाने वाले देश कहकर प्रचार किया गया, जिसका उद्देश्य भारत की छवि खराब करना था।

अमेरिकी बॉम्बर भारत के ऊपर से गुजरे- एक वायरल अफवाह में कहा गया कि अमेरिका के क्क2 बॉम्बर भारत के ऊपर से उड़कर ईरान पर हमला किया। इस दावे का कोई फ्लाइट ट्रैक, सैटेलाइट डेटा या आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

RAW-Mossad मिलकर कर रहे हैं हत्याएं- सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया गया कि RAW और Mossad मिलकर ईरान में हत्याएं और तोड़फोड़ कर रहे हैं, जबकि ईरान ने ऐसा कोई भी आरोप नहीं लगाया।

## चीनी हथियार निकले फुस्स तो अमेरिका की शरण में पाकिस्तान




नई दिल्ली (एजेंसी)। गत मई में भारत के साथ संघर्ष के दौरान चीनी हथियारों के फुस्स होने के बाद पाकिस्तान अब अमेरिका की शरण में पहुंच गया है। उसकी नजर अमेरिकी लड़ाकू विमानों, वायु रक्षा प्रणालियों और मिसाइलों पर है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीनी हथियारों और रक्षा प्रणाली पर आश्रित पाकिस्तान को बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी।

पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने इसी मंशा के साथ अमेरिका की यात्रा की। पिछले एक दशक में किसी पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख की यह पहली अमेरिकी यात्रा है।

कुछ हफ्ते पहले पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने भी अमेरिका का दौरा किया था। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत ने गत सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और गुलाम जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके बाद दोनों के बीच संघर्ष बढ़ गया था और दस मई को संघर्ष विराम हुआ था।

पाकिस्तानी वायु सेना ने बुधवार को एक बयान में कहा, पाकिस्तानी वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने अमेरिका की आधिकारिक यात्रा की।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का तानाशाही भरा कदम, मीडिया की स्वतंत्रता पर लगा अंकुश




नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में मीडिया की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा दिया गया है। प्रतिबंधात्मक कानून और राजनीतिक दबाव से देश में मीडिया की स्वतंत्रता सीमित कर दी गई है।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और यूनेस्को की एक रिपोर्ट में यह बात उजागर हुई है। यूएनडीपी और यूनेस्को ने स्विट्जरलैंड के दूतावास के सहयोग से बांग्लादेश के मीडिया परिदृश्य का आकलन- स्वतंत्रता और बहुवादी मीडिया शीर्षक से एक व्यापक अध्ययन प्रस्तुत किया। इसमें बांग्लादेश में मीडिया के समक्ष चुनौतियों पर गौर किया गया है। यह रिपोर्ट पत्रकारों, नीति निर्माताओं और सिविल सोसाइटी के साथ विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिबंधात्मक कानून और राजनीतिक दबाव ने बांग्लादेश में मीडिया की स्वतंत्रता और विश्वास को सीमित कर दिया है।

पत्रकारों ने जताई गहरी चिंता- हाल ही में देश के 88 पत्रकारों, लेखकों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के समूह ने एक संयुक्त बयान में इस बात को लेकर गहरी चिंता जताई कि अंतरिम सरकार में पत्रकारों को प्रताड़ित करने के

## ऐसा हमला अभी तक नहीं देखा..., रूस ने यूक्रेन पर तेज किए हमले; राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइल अटैक में 23 लोग घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस और यूक्रेन के बीच शुरू हुए युद्ध के दौरान शुक्रवार की रात रूस ने कीव को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइलों से लगातार हमले किए, जिसमें 23 लोग घायल हो गए और कीव में कई जगहों पर भारी नुकसान भी हुआ है।

रूस की वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन में रात भर में 550 ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इनमें से ज्यादातर शाहिद ड्रोन थे, इसके साथ ही 11 मिसाइलों को भी इस्तेमाल किया गया।

रात भर सुनी गई हमले की आवाज- रूस द्वारा रात भर किए गए हमले के दौरान लगातार ड्रोन की तेज आवाजें सुनी गई और विस्फोटों और मशीन गन की भी तेज फायरिंग की आवाजें आती रही।

मेयर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार, हमले का मुख्य लक्ष्य कीव था। उन्होंने बताया कि इस हमले में कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 14 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यूक्रेनी एयर डिफेंस सिस्टम ने दो क्रूज मिसाइल सहित 279 ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। साथ ही बताया कि अन्य 208 टॉर्गेट रडार से गायब हो गए थे और माना जा रहा है कि वे सब जाम हो गए थे।

सप्ताह भर पहले हुआ था बड़ा हमला- बता दें, एक सप्ताह पहले ही रूस ने यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला किया था। इस हमले को लेकर यूक्रेन ने दावा किया था कि रूस ने 537 ड्रोन और 60 मिसाइलें दागी थीं। इस हमले में कीव के कम से कम 10 जगहों पर नुकसान पहुंचा था। कीव के सोलोमिंस्की जिले में एक पांच मंजिला आवासीय इमारत आंशिक रूप से नष्ट हो गई थी और एक सात मंजिला इमारत की छत पर आग लग गई थी।

# रोम में गैस स्टेशन में जोरदार धमाका, हादसे में 20 से अधिक लोग घायल

नई दिल्ली (एजेंसी)। इटली के रोम से एक बड़ी घटना की जानकारी सामने आई है। यहां पर एक गैस स्टेशन में विस्फोट हो गया। इस घटना में आठ पुलिस अधिकारियों और एक दमकलकर्मी सहित कम से कम 20 लोग घायल हो गए।




प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सुबह 8 बजे के कुछ ही समय बाद इतालवी राजधानी में विस्फोट की आवाज सुनी गई। इस घटना के बाद आस पास के लोग दहल उठे। पास के इलाकों से काले धुएं और आग का एक बड़ा बादल दिखाई दिया। इस घटना को लेकर रोम के मेयर रॉबर्टो गुआल्टिएरी ने कहा कि करीब 20 लोगों को मामूली चोटें आईं।

घटनास्थल पर पहुंचे दमकलकर्मी- गुआल्टिएरी ने बताया कि स्थानीय पुलिस और दमकलकर्मी गैस रिसाव के बारे में सतर्क होने के बाद इलाके में पहुंचे। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों और पुलिस के पहुंचने के बाद भी दो विस्फोट हुए।

रोमन पुलिस की प्रवक्ता एलिसाबेटा एकार्डो ने कहा कि बचाव अभियान के लिए पहुंचने के बाद आठ पुलिस अधिकारी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पहले विस्फोट के बाद कुछ श्रृंखलाबद्ध विस्फोट हुए। सभी घायल पुलिसकर्मी जल गए हैं, लेकिन उनकी जान को कोई खतरा नहीं है।

इस घटना पर अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता लुका कैरी ने कहा, ‘विस्फोट में एक अग्निशमन कर्मी भी घायल हुआ है, लेकिन गंभीर रूप से नहीं है।

# पाकिस्तानी सेना का बड़ा दावा, कहा- मार गिराए अफगानिस्तान की सीमा से घुसपैठ करने वाले 30 आतंकवादी



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान की सेना ने दावा किया है कि अफगानिस्तान की सीमा से घुसपैठ की कोशिश करने वाले 30 आतंकवादियों को उसने मार गिराया है। इससे पहले भी कई बार अफगान की सीमा से पाकिस्तान की ओर घुसपैठ की कोशिश होती रही है। इसी साल मार्च में पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के साथ देश की पश्चिमी सीमा पर बड़ा ऑपरेशन चलाते हुए 16 इस्लामी आतंकवादियों को मार गिराया था।

पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान जारी कर बताया कि सुरक्षाबलों ने 2 और 3 जुलाई की रात को आतंकवादी उत्तरी वजीरिस्तान जिले के हसन क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। बयान में कहा गया है कि मारे गए आतंकियों के पास से भारी मात्रा गोला-बारूद बरामद किया गया।

अफगानिस्तान से लगने वाली सीमा बंद- हाल ही में पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों के मद्देनजर अफगानिस्तान से लगने वाली सीमा को अस्थायी रूप से अगले आदेश तक बंद कर दिया है। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले और अफगान की सीमा से लगे प्रांतों में झड़पों के बाद गुलाम खान सीमा को बंद कर दिया गया है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर उप सेना प्रमुख का बड़ा बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को पूरी दुनिया ने देखा। भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उप सेना प्रमुख ने कहा कि यकीनन ऑपरेशन सिंदूर से हमें बहुत सारे सबक सीखने को मिले हैं। FICCI के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने कहा कि जंग एक बॉर्डर पर हो रही थी लेकिन विरोधी तीन थे।

उन्होंने कहा, ÷पाकिस्तान मोर्चे पर सामने था, वहीं चीन उसे हर संभव मदद दे रहा था। हालांकि, इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है। पिछले पांच सालों में पाकिस्तान जिन हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है, उनमें से 81 फीसदी चीन के हैं।

लाइव लैब की तरह कर रहा था हथियार टेस्ट- उन्होंने कहा कि चीन अपने हथियारों के साथ अन्य हथियारों को टेस्ट कर रहा था। वह लाइव लैब की तरह हथियारों को परख रहा था। तुर्किये ने भी पाकिस्तान को सपोर्ट करने में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने बताया कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच छ्त्रस्ल्ह स्तर की वार्ता हो रही थी तो उस वक्त पाकिस्तान को हमारे वेक्टर्स के लाइव अपडेट्स चीन से मिल रहे थे। हमें मजबूत एअर डिफेंस सिस्टम की जरूरत है, जिससे भविष्य की चुनौतियों का सामना किया जा सके।

## साइबर धोखाधड़ी पर सांसदों ने जताई चिंता, ऐसे मामलों में कम सजा का मुद्दा भी उठा




नई दिल्ली (एजेंसी)। साइबर अपराध की घटनाओं, विशेष रूप से वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर सांसदों ने गुरुवार को चिंता जताई। कुछ विपक्षी सांसदों ने ऐसे मामलों में सजा की कम दर का मुद्दा उठाया।

सभी पार्टी के सदस्यों ने इस मुद्दे पर चिंता जताई- गृह मामलों पर संसदीय स्थायी समिति ने साइबर क्राइम - परिणाम, सुरक्षा और रोकथाम विषय पर बुधवार और गुरुवार को लगभग पूरे दिन बैठकें कीं। संसदीय समिति के समक्ष सीबीआइ के निदेशक, एनआइए के महानिदेशक और विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी पेश हुए।

वित्तीय सेवाओं का विभाग, बैंकों के प्रतिनिधि, दूरसंचार विभाग, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण, इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, कारपोरेट मामलों का मंत्रालय और फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट- इंडिया के साथ ही केंद्रीय जांच एजेंसियों ने समिति के समक्ष पेश होकर जानकारी दी। एक सांसद ने कहा, सभी पार्टी के सदस्यों ने इस मुद्दे पर चिंता जताई। जांच एजेंसियों ने इस संबंध में अपनी कार्रवाई के बारे में बताया। कई सांसदों ने सुझाव भी दिए।

## फाइटर जेट डील में बिचौलिए थे राजीव गांधी..., निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर लगाया एक और आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और इंदिरा गांधी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि 1970 के दशक में एक फाइटर जेट सौदे में राजीव गांधी ने बिचौलिये की भूमिका निभाई थी। यह सनसनीखेज खुलासा उन्होंने विकीलीक्स की एक पुरानी रिपोर्ट के हवाले से किया।

भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने डिफेंस डील में हद से ज़्यादा दखलंदाज़ी की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि 2013 में विकीलीक्स ने चौंकाने वाले खुलासे किए थे।

इंदिरा गांधी डील में हस्तक्षेप करती थीं- दुबे ने अपने पोस्ट में लिखा, 21 अक्टूबर 1975 को एक स्वीडिश डिप्लोमैट ने अमेरिकी सरकार को बताया कि साब-स्कैनिया कंपनी भारत को विगेन फाइटर जेट बेचना चाहती थी, और उस वक्त की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पायलट बेटे राजीव गांधी बिचौलिये की तरह काम कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि इंदिरा गांधी रक्षा सौदों में ज़्यादा हस्तक्षेप करती थीं।

दुबे ने सवाल उठाया कि जब 2013 में ये खुलासे हुए, तब कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार सत्ता में थी।

## तीन दशक बाद दो आतंकी आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार, 20 किग्रा विस्फोटक बरामद



नई दिल्ली (एजेंसी)। 30 वर्षों से फर्जी पहचान के साथ रह रहे दो आतंकियों अबूबकर सिद्दीकी और मोहम्मद अली को यहां से गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से लगभग 20 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया गया है।

बम मचा सकते थे तबाही- यह 50-60 आइईडी या 8-10 उच्च तीव्रता वाले सूटकेस बम बनाने के लिए पर्याप्त है। ये बम 30 मीटर के दायरे में तबाही मचा सकते थे जो पिछले वर्ष बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे विस्फोट के समान होती। ऑक्टोपस बम निरोधक विशेषज्ञ जांच में सहायता कर रहे हैं।

लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा में बम लगाने की थी साजिश- अबूबकर 2011 में पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की तमिलनाडु के मदुरै में रथ यात्रा के दौरान पाइप बम लगाने की कोशिश में कथित रूप से शामिल था।

नाम बदलकर रह रहा था आतंकी- तमिलनाडु पुलिस ने बताया था कि वह यहां अमानुल्लाह खान के नाम से रह रहा था। मोहम्मद अली उसका साथी है और वह मंसूर के नाम से रह रहा था। दोनों कथित तौर पर 1995 के एग्मोर और कोयंबटूर विस्फोटों, 1999 के कासरगोड ट्रेन विस्फोट और 2013 के मल्लेश्वरम बम मामले में भी शामिल थे। अबूबकर खाड़ी देशों की यात्रा भी कर चुका है। गुरुवार को कुरनूल रेंज के डीआइजी कोया प्रवीण और अन्नामय्या जिले के एसपी वी. विद्यासागर नायडू ने बताया कि तमिलनाडु पुलिस ने सिद्दीकी और अली का पता लगाने के लिए आंध्र प्रदेश पुलिस से मदद मांगी थी।

इसके बाद उन्हें तमिलनाडु के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने अन्नामय्या जिले में उनके ठिकाने से सोमवार को गिरफ्तार किया। दोनों अल-उम्मा नामक आतंकी संगठन से जुड़े थे।

## विपक्षी दलों ने जज यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव का समर्थन किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने गुरुवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी दलों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए सैद्धांतिक रूप से अपनी मंजूरी दे दी है और सांसदों के हस्ताक्षर एकत्रित करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा या राज्यसभा में।

लोकसभा के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है। राज्यसभा के लिए कम से कम 50 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह तय करने के बाद कि प्रस्ताव किस सदन में लाया जाएगा, हस्ताक्षर एकत्र किए जाएंगे।

मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और 21 अगस्त को समाप्त होगा। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार, जब किसी जज को हटाने का प्रस्ताव किसी भी सदन में स्वीकार कर लिया जाता है तो अध्यक्ष अथवा सभापति तीन-सदस्यीय समिति का गठन करेंगे।

यह समिति उन आधारों की जांच करेगी जिनके आधार पर जज को हटाने (या, दूसरे शब्द में महाभियोग) की मांग की गई है। समिति में भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआइ) या सुप्रीम कोर्ट के जज, 25 हाईकोर्ट में से किसी एक के चीफ जस्टिस और एक प्रतिष्ठित न्यायविद शामिल होते हैं।

रिजीजू ने कहा कि चूंकि यह मामला न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा है, इसलिए सरकार चाहती है कि सभी राजनीतिक दल इसमें शामिल हों।

## हिमाचल प्रदेश के मंडी में बादल फटने से आई बाढ़ ने सब कुछ तहस-नहस किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश से लेकर हिमाचल तक, बादलों की गड़गड़ाहट और बारिश की फुहारें हर तरफ छाई हैं। कहीं हल्की बौछारें तो कहीं भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में बादल फटने से बाढ़ ने भयंकर तबाही मचाई है जिसमें 16 लोगों की जान चली गई और कई लोग अभी भी लापता हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश में आज मौसम उमस भरा रहेगा, लेकिन पूर्वांचल और तराई के इलाकों में बादलों की आवाजाही के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है। लखनऊ, गोरखपुर, बलिया और सिद्धार्थनगर जैसे शहरों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का इंतजार अभी बाकी है, लेकिन आसमान में बादल छाए रह सकते हैं और गर्मी थोड़ी बढ़ सकती है। हिमाचल में बाढ़ का कहर, राजस्थान में भी अलर्ट

हिमाचल प्रदेश के मंडी में बादल फटने से आई बाढ़ ने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। 16 लोगों की मौत की खबर ने सभी को झकझोर दिया है, जबकि कई लोग अभी लापता हैं। राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं, लेकिन मनाली-केलांग मार्ग बंद होने से मुश्किलें बढ़ गई हैं। इसके अलावा 246 सड़कें बंद हैं। मौसम विभाग ने राजस्थान के लिए भी चेतावनी जारी की है। 4 जुलाई को कई जिलों में भारी बारिश की आशंका है।

मानसून की ट्रफ लाइन अब जैसलमेर, कोटा, गुना, सतना, डाल्टनगंज और दीघा से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक फैली है। इस वजह से देश के कई हिस्सों में बारिश का सिलसिला तेज हो गया है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण दशमी

## संपादकीय

# मानवीय जीवन में अनेकों गुणों का पिटारा भरा हुआ है



सृष्टि रचनाकर्ता ने सृष्टि में मानवीय प्राणी की रचना कर उसके जीवन में अनेकों खूबसूरत श्रेष्ठ गुणों की खान को भी उसकी उम्र रूपी जीवन में संलग्न कर दिया है ताकि अपनी कुछाग्र बुद्धि के बल पर उसका उपयोग कर सकें!! जिसने नहीं किया उसका जीवन नीरसता से भरता है!! जिसने उपयोग किया वह खुशियों की खुशबू में नहलाता है और हंसते हंसते अपना जीवन व्यतीत कर लेता है।

साथियों मानवीय जीवन में ऐसे अनेकों गुणों का पिटारा भरा हुआ है, उन गुणों की रत्नों रूपी एक खूबसूरत माला है आज हम खूबसूरत मानवीय रिश्ता रूपी रत्न पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा कर रिश्तो में प्रगाढ़यता रखकर रिश्तो की खुशबू में नहलाने का संज्ञान लेने की कोशिश करेंगे।

साथियों बात अगर हम रिश्तो की करें तो, शिशु जन्म के साथ ही अनेक रिश्तों के बंधन में बंध जाता है और माँ-पिता, भाई-बहन, दादा-दादी, नाना-नानी जैसे अनेक रिश्तों को जिवंत करता है। रिश्तों के ताने-बाने से ही परिवार का निर्माण होता है। कई परिवार मिलकर समाज बनाते हैं और अनेक समाज सुमधुर रिश्तों की परंपरा को आगे बढाते हुए देश का आगाज करते हैं। सभी रिश्तों का आधार संवेदना होता है, अर्थात सम और वेदना का यानि की सुख-दुख का मिलाजुला रूप जो प्रत्येक मानव को धूप - छाँव की भावनाओं से सराबोर कर देते हैं। रक्त सम्बंधी रिश्ते तो जन्म लेते ही मनुष्य के साथ स्वतः ही जुङ जाते हैं। परन्तु कुछ रिश्ते समय के साथ अपने अस्तित्व का एहसास कराते हैं। दोस्त हो या पडौसी, सहपाठी हो या सहर्कमी तो कहीं गुरू-शिष्य का रिश्ता। रिश्तों की सरिता में सभी भावनाओं और आपसी प्रेम की धारा में बहते हैं। अपनेपन की यही धारा इंसान के जीवन को सबल और यथार्त बनाती है, वरना अकेले इंसान का जीवित रहना भी संभव नही है। सुमधुर रिश्ते ही इंसानियत के रिश्ते का शंखनाद करते हैं।साथियों बात अगर हम भावनात्मक रिश्तों की करें तो, रिश्ते मानवीय भावनाओं का प्रतीक होते है। एक ओर जहां हमारे जीवन में कुछ रिश्ते खून के होते है वही कुछ रिश्ते भावनाओं से बने होते है जो कभी-कभी खून के रिश्तों से भी ज्यादे महत्वपूर्ण होते है। रिश्तों के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा हो जायेगा वास्तव में रिश्तों का कोई दायरा नही होता। एक रिश्ता प्रेम तथा विश्वास पर आधारित होता है, जिसे हम अपने कार्यों द्वारा सींचते है। यदि हम किसी अपरिचित व्यक्ति से अच्छा व्यवहार करेंगे तो उसे भी हम अपना दोस्त बना सकते है और अपने रिश्तों को उससे प्रगाढ़ कर सकते है और इसके विपरीत यदि हम अपने स्वजनों से भी कटु व्यवहार करेंगे तो हमारे रिश्ते उनसे भी खराब हो जायेगें। इसी वजह से रिश्तों को प्रगाढ़ बनाये रखने के लिए हमें जिम्मेदारी पूर्वक उनका निर्वहन करना चाहिए।

साथियों बात अगर हम व्यस्त जिंदगी में रिश्तो में आई कमी की करें तो, आजकल की व्यस्त जिंदगी में लोगों के पास समय कम है। इसके कारण रिश्तों की गर्मजोशी भी कम होती जा रही है। लोग आजकल अपने आपमें इतने मशगूल रहते हैं कि उन्हें आसपास अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों तक का एहसास नहीं रहता। ऐसे में आपसी रिश्तों में फिर से जज़्बे के साथ मजबूती के लिए निम्न बातों के लिए अपने आपको ढालना जरूरी है। (1) अकसर हम व्यस्तता के कारण पारिवारिक जिंदगी को प्राथमिकता देना बंद कर देते हैं जो कलह पैदा करती है। अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों पर बराबर ध्यान दें। अपने बच्चों की पढ़ाई व घर की जरूरतों पर निगाह रखें। (2) किसी भी रिश्ते को विश्वास मजबूत आधार देता है।

# अनुग्रह नारायण सिंह



अनुग्रह नारायण सिंह भारतीय राजनेता और बिहार के पहले उप मुख्यमंत्री, सह वित्तमंत्री (1946-1957) थे। अनुग्रह बाबू (1887-1957) भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, वकील, राजनीतिज्ञ तथा आधुनिक बिहार के निर्माता रहे थे। उन्हें बिहार विभूति के रूप में जाना जाता था। वह स्वाधीनता आंदोलन के योद्धा थे। स्वाधीनता के बाद राष्ट निर्माण व जनकल्याण के कार्यो में उन्होंने सक्रिय योगदान दिया। अनुग्रह बाबू ने महात्मा गांधी एवं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के साथ राष्ट्रीय आन्दोलन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी।

आधुनिक बिहार के निर्माता- डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा मानवतावादी प्रगतिशील विचारक एवं दलितों के उत्थान के प्रबल समर्थक और आधुनिक बिहार के निर्माताओं में से एक थे। उनका जीवन दर्शन देश की अखंड स्वतंत्रता और नवनिर्माण की भावनाआ से सराबोर रहा। उनका सौभ्य, स्निग्ध, शीतल, परोपकारी, अहंकारहीन और दर्पोदीप्त शखि़्सयत बिहार के जनगणमन पर अधिकार किए हुए था। वे शरीर से दुर्बल, कृषकाय थे, पर इस अर्थ में महाप्राण कोई संकट उनके ओठों की मुस्कुराहट नहीं छीन सका। उनमें शक्ति और शील एकाकार हो गये थे और इसीलिए वे बुद्धिजीवियों को विशेष प्रिय थे। बिहार के विकास में उनका योगदान अतुलनीय है। राज्य के प्रशासनिक ढांचा को तैयार करने का काम अनुग्रह बाबू ने किया था। इन्होंने राज्य के प्रथम उप मुख्यमंत्री और सह वित्तमंत्री के रूप में 11 वर्षों तक बिहार की अनवरत सेवा की।

प्रारंभिक जीवन- अनुग्रह बाबू का जन्म बिहार के पोईअवा नामक गांव में 18 जून, 1887 को हुआ था। उनके पिता ठाकुर विशेश्वर दयाल सिंह जी अपने इलाके के एक वीर पुरुष थे। पांच बसंत जब वे पार कर गये तो उनकी शिक्षा का श्रीगणेश हुआ। सन्? 1900 में औरंगाबाद मिडिल स्कूल, 1904 में गया ज़िला स्कूल और 1908 में पटना कॉलेज में प्रविष्ट हुए। जिस समय ये पटना कॉलेज में आये, उस समय देश के शिक्षित व्यक्तियों के हृदय में परतंत्रता की वेदना का अनुभव होने लगा था। गुलामी की जंजीर में जक़डी हुई मानवता का चित्कार अब उन्हें सुनायी प़डने लगा था। वे उस जंजीर को तोड़ फेंकने के लिए व्याकुल होने लगे थे। सुरेन्द्रनाथ बनर्जी तथा योगिराज अरविंद जैसी महान् आत्माओं का प्रादुर्भाव हो चुका था। इन महान् आत्माओं के कार्यकलापों तथा व्याख्यानों का समुचित प्रभाव अनुग्रह बाबू के हृदय पर प़डा। उनका हृदय भी भारत माता की सेवा के लिए तड़प उठा और वे उस पावन मार्ग पर अग्रसर हो गये। सर्फुद्दीन के नेतृत्व में 'बिहारी छात्र सम्मेलन' नामक संस्था संगठित की गई, जिसमें देशरत्न डॉ. राजेन्द्र बाबू ऐसे मेधावी छात्रों को कार्य करने तथा नेतृत्व करने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन- इन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध चम्पारण से अपना सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया था। अनुग्रह बाबू के हृदय में सेवा की उच्च भावना तो बाल्यकाल से ही था, उसे कार्य रूप में परिणत करने तथा उसे पूर्ण रूप से विकसित करने का सुअवसर भी उन्हें इस संगठन में प्रविष्ट होने पर मिल गया। सन्? 1910 में आई ए की परीक्षा भी उन्होंने प्रथम श्रेणी में पास की फिर बीए में प्रवेश किया। उसी वर्ष महामना पोलक साहब जो महात्मा गांधी के सहकर्मी थे, पटना पधारे, अफ्रीका के प्रवासी भारतीयों के बारे में जो उनका व्याख्यान हुआ। उससे अनुग्रह बाबू बहुत प्रभावित हुए। उसी वर्ष प्रयाग में अखिल भारतीय कांग्रेस अधिवेशन हुआ, जिसमें वे अपनी उत्साही सहपाठियों के साथ गये। उस अधिवेशन में महामना गोखले आदि विद्वान् राष्ट्रभक्तों के भाषणों को सुनने का स्वर्ण अवसर भी इन्हें प्राप्त हुआ, जिससे वे ब़डे प्रभावित हुए। अनुग्रह बाबू विद्यार्थी जीवन में ही संगठनशक्ति तथा कार्य संचालन की काबिलियत हासिल कर ली थी। सन्? 1914 में इतिहास से एम.ए. करने के बाद 1915 में बी एल की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की। भागलपुर के तेजनारायण जुविल कॉलेज में इतिहास के एक प्रोफेसर की आवश्यकता हुई। अपने साथियों के परामर्श करने के पश्चात् तुरंत उन्होंने अपना आवेदन पत्र भेज दिया और उस पद पर उनकी नियुक्ति हो गई। वर्ष 1916 में उन्होंने कॉलेज की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और पटना हाईकोर्ट में वकालत प्रारंभ कर दी। वकालत के सिलसिले में सरलता की मूर्ति देशरत्न राजेन्द्र बाबू के संसर्ग में अधिक रहने का सुअवसर भी इन्हें प्राप्त हुआ और उनसे पेशे को उन्नत करने की प्रेरणा भी मिली। कलकत्ते में भी उन्हें राजेन्द्र बाबू के सम्पर्क में रहने का स्वर्ण अवसर मिला था। जिस समय राजेन्द्र बाबू लॉ कॉलेज में अध्यापक थे, उसी समय उसी कॉलेज में वे एक विद्यार्थी थे। इसलिये वे राजेन्द्र बाबू की प्रतिष्ठा किया करते थे।

गांधीजी का सत्याग्रह- उन्हें वकालत करते हुए अभी एक वर्ष भी नहीं बीता था कि चम्पारण में नील आंदोलन उठ ख़डा हुआ। इस आंदोलन ने उनके जीवन की धारा ही बदल दी। चम्पारण के किसानों की तबाही का समाचार जब महात्मा गांधी से सुने तो वे करुणा से विचलित हो उठे। मुजफ़्फ़रपुर के कमिश्नर की राय के विरुद्ध गांधीजी चम्पारण गये और जांच कार्य प्रारंभ कर दिया।

अत्याचारों की जांच प्रारंभ हुई। इसमें कुछ ऐसे वकीलों की आवश्यकता थी, जो निर्भीकता पूर्वक कार्य कर सकें और समय आने पर जेल जाने के लिए भी तैयार रहें। इस विकट कार्य के लिए वृज किशोर बाबू के प्रोत्साहन पर राजेन्द्र बाबू के साथ ही अनुग्रह बाबू भी तत्पर हो गये। उन्होंने इसकी तनिक भी चिंता नहीं की कि उनका पेशा नया है और उन्हें भारी क्षति उठानी प़ड सकती है। एक बार जो त्याग के मार्ग पर आगे ब़ढ चुका है, उसे भला इन तुच्छ चीज़ों का क्या भय हो सकता है। चम्पारण का किसान आंदोलन 45 महीनों तक ज़ोर शोर से चलता रहा। अनुग्रह बाबू बराबर उसमें काम करते रहे और आखिर तक डटे रहे । स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का पाठ उन्हें गांधीजी के आश्रम में ही रहकर प़ढने का सुअवसर प्राप्त हुआ। अनुग्रह बाबू ने चम्पारण के नील आंदोलन में गांधीजी के साथ लगन और निर्भीकता के साथ काम किया और आंदोलन को सफल बनाकर उनके आदेशानुसार 1917 में पटना आये। बापू के साथ रहने से उन्हें जो आत्मिक बल प्राप्त हुआ, वही इनके जीवन का संबल बना। सन्? 1920 के दिसंबर में नागपुर में कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन हुआ, जिसमें अनुग्रह बाबू ने भी भाग लिया। सन्? 1929 के दिसंबर में सरदार पटेल ने किसान संगठन के सिलसिले में मुंगेर आदि शहरों का दौरा किया, तब अनुग्रह बाबू सभी जगह उनके साथ थे। 26 जनवरी 1930 को सारे देश में स्वतंत्रता की घोषणा प़ढी गई। अनुग्रह बाबू को भी कई स्थानों में घोषणा पत्र प़ढना प़ढा। कुछ दिनों के बाद महात्मा गांधी ने नमक सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया। उस सिलसिले में उन्हें चम्पारण, मुजफ़्फ़रपुर आदि स्थानों का दौरा करना प़डा। 26 जनवरी, 1933 को जब पटना में घोषणा प़ढ रहे थे, उसी समय उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें पंद्रह मास की सज़ा हुई और उन्हें हज़ारीबाग़ जेल भेज दिया गया। जिस समय वे जेल में थे, बिहार में इतिहास विख्यात प्रलयंकारी भूकंप आया। हृदय विदारक समाचारों को प़ढकर उनका हृदय दर्द से कराह उठा।

चहारदीवारी के अंदर बंद रहने के कारण ये कोई राहत कार्य नहीं कर सकते थे। लेकिन सरकार ने तीन हफ्तों के बाद इन्हें छ़ोड दिया। छूटते ही अनुग्रह बाबू राहत कार्य में संलग्न हो गये। राजेन्द्र बाबू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इन्होंने अथक परिश्रम के साथ पीड़ित मानवता की सेवा की। मुजफ़्फ़रपुर, मुंगेर आदि शहरों का दौरा किया। इसके लिये राजेन्द्र बाबू की अध्यक्षता में एक कमेटी बनी, जिसके उपाध्यक्ष अनुग्रह बाबू चुने गये तथा खूब लगन के साथ सेवा कार्य किया। सन्? 1940 को मार्च महीने में अखिल भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन रामग़ढ में हुआ। अधिवेशन का संपूर्ण भार अनुग्रह बाबू के कंधे पर था। उसमें जो अपनी तत्परता दिखलाई उसके फलस्वरूप ही कांग्रेस का अधिवेशन सफल हुआ। देश की परिस्थिति को देखते हुए जब गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह अपनाया तब उनके प्रिय सहयोगी अनुग्रह बाबू कब चूकने वाले थे।

# ट्रंप ने फिर फोड़ा टैरिफ बम, बोले- 70% तक लगाएंगे टैरिफ, व्हाइट हाउस ने शुरू कर दिया काम



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से टैरिफ का राग अलापा है। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका शुक्रवार से अपने व्यापारिक साझेदारों को पत्र भेजना शुरू कर देगा। इसमें टैरिफ दरें निर्धारित की जाएंगी। निर्धारित की गई टैरिफ दरों का भुगतान देशों को अगले महीने की शुरुआत से करना होगा।

राष्ट्रपति बनने के बाद से ही ट्रंप लगातार टैरिफ के मुद्दे को लेकर चर्चा में बने हैं। फरवरी 2025 से शुरू हुई टैरिफ की कहानी जारी है। अप्रैल में उन्होंने टैरिफ लागू कर दिया लेकिन बाद इसे उन्होंने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। इसके साथ-साथ अमेरिकी प्रशासन अलग-अलग देशों के प्रतिनिधियों से टैरिफ के मुद्दे पर बातचीत भी कर रहा है। भारत और अमेरिका के बीच भी ट्रेड डील पर सहमति होनी है। सूत्रों के अनुसार यह अपने अंतिम चरण पर है। अगर ट्रेड डील पूरी हो जाती है तो टैरिफ से भारत को कुछ राहत मिल सकती है।

ट्रंप बोले 10त्र से 70त्र तक लगाएंगे टैरिफ- 9 जुलाई को टैरिफ पर लगी 90 दिनों की रोक खत्म हो रही है। इससे पहले अमेरिकी प्रशासन उन देशों को लेटर भेज सकता है जिन देशों से ट्रेड को लेकर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है।

पत्रकारों से बात करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, टैरिफ दरें 10-20 प्रतिशत के बीच शुरू हो सकती हैं और 70 प्रतिशत तक जा सकती हैं। शुक्रवार को 10 से 12 देशों को पत्र भेजे गए हैं। अगले कुछ दिनों में और भी भेजे जाएंगे। मुझे लगता है कि 9 जुलाई तक सभी कवर हो जाएंगे।

हालांकि, ट्रंप ने स्पष्ट नहीं किया कि किन देशों पर कितना टैरिफ लगाया जाएगा, या क्या कुछ वस्तुओं पर टैरिफ अधिक रेट से लगाया जाएगा।

ट्रंप ने कहा कि 1 अगस्त से टैरिफ के जरिए आने वाली राशि अमेरिका में आनी शुरू हो जाएगी।

किन-किन देशों के साथ हुई अमेरिकी का ट्रेड डील- अभी तक तीन देशों चीन, वियतनाम और यूनाइटेड किंगडम से अमेरिका की ट्रेड डील साइन हुई है।

## 5 साल में 3 गुना पैसा कर चुका ये शेयर, अब कंपनी बांटने जा रही बोनस शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। वीआरएल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर देने का ऐलान किया है। कंपनी के शेयरों ने 5 साल में निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। 5 साल में इसने 275.50 फीसदी का रिटर्न दिया है।

शुक्रवार 4 जुलाई 2025 को VRL Logistics Ltd के शेयर NSE पर शुरुआती कारोबार में बढ़त के साथ ट्रेड कर रहे हैं। आज इसके शेयर 597 रुपये के स्तर पर ओपन हुए और दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पर यह 0.66 फीसदी की बढ़त के साथ 5990 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

शुक्रवार 4 जुलाई 2025 को कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में 1ः1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने की मंजूरी दी गई। हालांकि यह मंजूरी शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

एक शेयर पर एक बोनस शेयर देगी कंपनी- VRL Logistics Ltd एक शेयर पर एक बोनस शेयर जारी करेगी। इसके शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपये है। जारी हुए बोनस प्रति इक्विटी शेयर के बराबर मान्य होंगे। इस समय इसके एक शेयर की वैल्यू 602 रुपये है। पिछले पांच दिनों में इसने 2.96 फीसदी का रिटर्न दिया है। अब कंपनी ने शेयरहोल्डर्स को तोहफे में बोनस शेयर देने का ऐलान किया है।

## किस्तों में खरीदना चाहते हैं गोल्ड, जानें कौन-से ईटीएफ ने दिया सबसे ज्यादा रिटर्न



नई दिल्ली (एजेंसी)। आज हर कोई डिजिटल गोल्ड में निवेश करना चाहता है, क्योंकि इसके जरिए आप किस्तों में निवेश कर सकते हैं। आज हम ऐसे ऋश्रश्च श्वञ्जस्नह्य की लिस्ट लेने वाले हैं। जिन्होंने पिछले तीन सालों में सबसे ज्यादा रिटर्न दिया है।

Top ETFs: किसने दिया सबसे ज्यादा रिटर्न?

SBI Gold - पिछले तीन सालों में SBI Gold ने सबसे ज्यादा रिटर्न दिया है। इसका AUM 4,154.78 करोड़ रुपये हैं। इसने तीन सालों में 22.18 फीसदी का रिटर्न दिया है। इसके अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के दो और ईटीएफ SBI Gold(IDCW), SBI Gold ने भी बीते तीन सालों में 22.18 फीसदी रिटर्न दिया है। ये ईटीएफ Expense Ratio में भी सबसे कम है।


इसके तहत आपका पैसा 99.99 फीसदी SBI-ETF Gold, 0.28 फीसदी TREPS में निवेश करते हैं।

HDFC Gold ETF FoF- इसका AUM 4088.35 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है। इसने बीतें तीन सालों में 22.29 का रिटर्न दिया है। वहीं इसका Expense Ratio (0.10), SBI Gold से ज्यादा है। इसके तहत भी आपका पैसा 99.95 फीसदी HDFC Gold Exchange Traded Fund में निवेश किया जाता है। इसके अलावा 0.47 फीसदी Treps-tri party repo में निवेश किए जाते हैं।

Kotak Gold Fund (IDCW)- इस फंड ने पिछले तीन सालों में 22.05 फीसदी का रिटर्न दिया है। इसका AUM 3099.36 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है। वहीं Expense Ratio 0.16 फीसदी दर्ज किया गया है।

इसका पैसा भी 99.48 फीसदी Kotak Mahindra Mutual Fund में निवेश किया जाता है।

## SIP या Lumpsum, Mutual Fund में निवेश के लिए क्या है सही? आपको क्या चुनना चाहिए



नई दिल्ली (एजेंसी)। आज लोग बढ़-चढ़कर अपने पोर्टफोलियो में म्यूचुअल फंड को भी शामिल कर रहे हैं। इसमें न्यूनतम अनुमानित 12 से 14 फीसदी रिटर्न मिलता है। म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए दो विकल्प काफी मशहूर है। इनमें लमसम और एसआईपी दोनों शामिल हैं।

पहले इन दोनों के बारे में जानते हैं। फिर जानेंगे कि आपके लिए कौन-सा बेहतर विकल्प रहेगा।

Mutual Fund Lump Sum क्या है- लमसम का अर्थ हुआ इकट्ठा या एकमुश्त। किसी भी म्यूचुअल फंड में आप एकमुश्त पैसा निवेश कर सकते हैं। इसके लिए आपको एक बड़ा अमाउंट चाहिए होता है। ये एक तरह से शेयर खरीदने जैसा है। एक बार निवेश करने के बाद अगर आप दोबारा उसी फंड में निवेश करना चाहते हो, तो कर सकते हैं। इसमें कोई समय सीमा नहीं होती।

Mutual Fund SIP क्या है- एसआईपी म्यूचुअल फंड में निवेश का सबसे आसान तरीका है। एसआईपी से आज हर कोई वाकिफ है। एसआईपी यानी सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए आप किस्तों में पैसे म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकते हैं। आज आप महज 100 रुपये के साथ भी एसआईपी शुरू कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड के अलावा आप ईटीएफ और शेयर भी एसआईपी यानी किस्त में पर्चेज कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी में आपको कई तरह की सुविधा मिलती है।

# एक शेयर करा देगा 900+ की कमाई, इस कार कंपनी के शेयर खरीदने की सलाह, क्या बोले एक्सपर्ट्स?




नई दिल्ली (एजेंसी)। जापानी कार निर्माता कंपनी सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन की सब्सिडियरी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड में निवेश का अच्छा मौका है। विशेषज्ञों ने कंपनी के शेयर्स पर नज़र रखने की सलाह दी है।

एक्सपर्स्ट्स का मानना है कि आने वाले दिनों में कंपनी का एक शेयर 900 रुपए से ज्यादा की कमाई करा सकता है। क्योंकि, इस शेयर ने पिछले 5 साल में करीब 113त्र का रिटर्न दिया है और करीब दो दोगुनी कीमत पर कारोबार कर रहा है। कितना है टारगेट प्राइस?

कंपनी का मार्केट कैप 4,00,926 करोड़ रुपए है। हाल ही के टेक्निकल एनालिसिस से पता चलता है कि स्टॉक ने 12,900 रुपए के लेवल पर ट्राएंगल ब्रेकआउट किया है, जो निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत है।कंपनी के एक शेयर का करेंट मार्केट प्राइस 12,647 रुपए है। एक्सपर्ट्स ने शेयर्स का टारगेट प्राइस 13,773 रुपए रखा है। यानी इस शेयर में 8त्र की बढ़त हो सकती है।

स्टॉक में तेजी के संकेत- विशेषज्ञों के अनुसार, मारुति सुजुकी का स्टॉक 50 दिन के एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज पर बना हुआ है, जो इसकी स्थिरता दिखाता है। इसके अलावा, बढ़ते वॉल्यूम और RSI इंडिकेटर का बुलिश क्रॉसओवर स्टॉक में तेजी के संकेत दिखा रहा है। हालांकि, इसका इमिडिएट सपोर्ट लेवल 12,350 रुपए बना हुआ है, जो गिरावट की स्थिति में महत्वपूर्ण हो सकता है। दिन भर होता रहा उतार-चढ़ाव

शुक्रवार को कंपनी के शेयर में गिरावट देखने को मिली। शुक्रवार सुबह बाजार खुलने पर कंपनी के शेयर 12,737 रुपए पर कारोबार कर रहे थे। लेकिन 3 बजे तक शेयर्स में 80 रुपए से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। खबर लिखे जाने तक शेयर 12,640 रुपए के आसपास कारोबार कर रहे थे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि स्टॉक मार्केट में उतार-चढ़ाव आम बात है।

## एक दिन में 17% उछला 16 रुपये वाला यह ज्वैलरी शेयर, कंपनी ने बताया फ्यूचर प्लान



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की नामी ज्वैलरी कंपनी, पीसी ज्वैलर्स के शेयरों में 4 जुलाई को जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। दरअसल, कंपनी ने त्ता का बिजनेस अपडेट दिया है, जिसमें उसने बताया कि मजबूत मांग के कारण इस वित्तीय वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान उसके रेवेन्यू में लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, साथ ही कंपनी ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि वह इस वित्तीय वर्ष में कर्ज मुक्त हो जाएगी।

कंपनी की ओर से आए इस अपडेट के बाद पीसी ज्वैलर्स के शेयर 17 फीसदी तक उछल गए।

पीसी ज्वेलर के शेयर एनएसई पर 16.76 प्रतिशत बढ़कर 16.37 रुपये प्रति शेयर के इंट्राडे हाई पर चले गए। इससे पहले सुबह पीसी ज्वैलर्स के शेयर 2 फीसदी की तेजी के साथ खुले।

कंपनी ने फाइलिंग में क्या कहा- एक्सचेंज को दी फाइलिंग में पीसी ज्वैलर ने बताया कि ÷सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद, कंपनी पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत का स्टैंडअलोन रेवेन्यू ग्रोथ हासिल करने में कामयाब रही।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# जज बनकर पांच महीने तक व्यापारी को धमकाता रहा बदमाश

भोपाल। सुप्रीम कोर्ट के जज एन कोटेश्वर सिंह की फर्जी पहचान बताकर एक शातिर बदमाश व्यापारी को पांच महीने तक धमकाता रहा। आरोपित सोशल मीडिया के माध्यम से व्हाट्सएप कॉल के जरिए व्यापारी से बात करता था। वह खुद को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बताता था और अपने डीपी (डिस्प्ले पिक्चर) पर भी जज एन कोटेश्वर सिंह की फोटो लगाई थी। व्यापारी के बेटे ने जब दिल्ली पहुंचकर अपने दोस्तों के जरिए सुप्रीम कोर्ट जज के बारे में जानकारी जुटाई तो बदमाश की करतूत से पर्दा उठा।धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज



पुलिस का कहना है कि अब तक फरियादी ने धोखाधड़ी या किस बात को लेकर धमकाता था, यह स्पष्ट नहीं किया है। शिकायत पर हबीबगंज थाने में लोक सेवक का प्रतिरूपण और छद्मवेश द्वारा धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपित की लोकेशन गुरूग्राम, हरियाणा में ट्रेस की है। एसआइ अखिलेश त्रिपाठी के अनुसार 67 वर्षीय नरेंद्र सिंह अरोरा हबीबगंज क्षेत्र स्थित अरेरा कालोनी ई-7 में परिवार के साथ रहते हैं और पेशे से व्यापारी हैं।

अप्रैल 2025 तक कई बार फोन पर बातें हुई

दिसंबर, 2024 में उन्हें व्हाट्सएप कॉल आया था। फोन करने वाले ने खुद को सुप्रीम कोर्ट जज एन कोटेश्वर सिंह के रूप में परिचय दिया। साथ ही उसने बताया कि आपकी बेटी से नंबर प्राप्त किया था। उसकी डीपी पर चूंकि जज का फोटो भी लगा था, जिससे व्यापारी को उस पर विश्वास हो गया। दोनों के बीच अप्रैल 2025 तक कई बार फोन पर बातें होती रहीं, जिसमें आरोपित ने व्यापारी को धमकाया।

धमकाने का कारण स्पष्ट नहीं

बाद में व्यापारी का बेटा सौरभ अरोरा जब दिल्ली पहुंचा और अपने दोस्तों के जरिए जज से जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि उन्होंने कभी पिता नरेंद्र सिंह अरोरा से बात ही नहीं की। थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि आरोपित की लोकेशन गुरूग्राम में मिली है। अब तक धमकाने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

## प्रदेश हाई कोर्ट को मिलेंगे 10 नए न्यायाधीश, जबलपुर से दो वकील शामिल

जबलपुर। सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में 10 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की केंद्र से अनुशंसा की है। राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद इनकी नियुक्ति की विधिवत अधिसूचना जारी की जाएगी। जिन नामों की अनुशंसा की गई है, उनमें से पांच न्यायिक सेवा से और इतने ही वकीलों के बीच से हैं। जिन नामों की अनुशंसा की गई है, उनमें से दो जबलपुर के वकील हैं। पुष्पेंद्र यादव वर्तमान में डिप्टी सालिसिटर जनरल पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। जबकि अधिवक्ता जय कुमार पिल्लई लंबे समय से जबलपुर में वकालत कर रहे हैं। अन्य दो अधिवक्ता आनंद सिंह बहरावत और हिमांशु जोशी इंदौर से हैं। अजय कुमार निरंकारी वर्तमान में ग्वालियर में वकालत कर रहे हैं।इन न्यायिक अधिकारियों के नामों की सिफारिश

सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने जिन पांच न्यायिक अधिकारियों को मप्र हाई कोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त किए जाने की सिफारिश की है, उनमें राजेश कुमार गुप्ता, आलोक अवस्थी, रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन, भगवती प्रसाद शर्मा और प्रदीप मित्तल के नाम शामिल हैं।

इन दिनों 53 स्वीकृत पदों के मुकाबले महज 33 जज पदस्थ इन दिनों मप्र हाई कोर्ट में कुल स्वीकृत 53 पदों के मुकाबले महज 33 जज पदस्थ हैं। नौ अगस्त को न्यायमूर्ति दिनेश कुमार पालीवाल व 13 अगस्त को न्यायमूर्ति पीएन सिंह सेवानिवृत्त होंगे।

# मध्यप्रदेश के टॉपर छात्रों को बड़ी सौगात, इस बार मिली धनराशि, अगले सत्र से मिलेंगे लैपटॉप







भोपाल। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा (एमपी बोर्ड) से 12 वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को अगले शैक्षिक सत्र से सरकार लैपटॉप स्वयं खरीदकर देगी। अभी तक इसके लिए सरकार मेधावियों के खाते में लैपटॉप की धनराशि भेजती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को अगले शैक्षिक सत्र से लैपटॉप वितरण की व्यवस्था में परिवर्तन की घोषणा की।

### *मुख्यमंत्री ने धनराशि का वितरण किया*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश के 94 हजार 234 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए धनराशि का वितरण किया। उन्होंने डीबीटी के माध्यम से एक क्लिक पर कुल 238 करोड़ 98 लाख रुपए की राशि विद्यार्थियों के खातों में भेजी।

### *अगले शैक्षिक सत्र से विद्यार्थियों को लैपटॉप देंगे*

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रत्येक विद्यार्थी को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपए की राशि दे हैं। इस राशि में कुछ पैसे मिलाकर विद्यार्थी अपनी पसंद का लैपटॉप खरीद सकेंगे। यह राशि कम है, इसलिए हमने निर्णय लिया है कि अगले शैक्षिक सत्र से विद्यार्थियों को लैपटॉप ही देंगे ताकि उन्हें और धनराशि मिलाकर लैपटॉप खरीदने की आवश्यकता न पड़े।94 हजार 234 विद्यार्थी हुए लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस योजना से आज निजी स्कूलों के 44 हजार 972 विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं, वहीं सरकारी स्कूल के 50 हजार 226 विद्यार्थियों को इसका लाभ मिला है। इसमें भी 60 प्रतिशत तो बेटियां हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, जन जातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, भोपाल के सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी समेत विभागीय अधिकारी और प्रदेश भर से आए लाभार्थी विद्यार्थी और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### *2009-10 में शुरू की गई थी योजना*

15 साल पुरानी योजना राज्य सरकार की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना वर्ष 2009-10 में शुरू की गई थी, तब से अब तक प्रदेश सरकार इस योजना के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए की इस योजना में एक हजार 80 करोड़ चार लाख रुपया खर्च कर चुकी है।

## बेलगाम रेत माफिया की करतूत...नायब तहसीलदार को कुचलने का प्रयास, बाल-बाल बची अधिकारी की जान



मैहर । सतना जिले के मैहर तहसील अंतर्गत रामनगर विकासखंड के कुबरी गांव में शुक्रवार को रेत माफिया की दुस्साहसी हरकत सामने आई। नायब तहसीलदार रोशन रावत पर उस समय जानलेवा हमला किया गया जब वे अवैध रेत परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को रोककर पूछताछ कर रहे थे। चालक ने अचानक ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन रावत सतर्कता दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।

जानकारी के अनुसार, नायब तहसीलदार रोशन रावत को कुबरी गांव में अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश मिला था। वे अपने स्टाफ के साथ गांव की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में बालू से लदा एक ट्रैक्टर संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। उन्होंने ट्रैक्टर रुकवाया और पूछताछ शुरू की, तभी ट्रैक्टर चालक रविंद्र और उसके सहयोगी नेपाली ने उन पर वाहन चढ़ाने की कोशिश की।गनीमत रही कि रावत समय रहते दूसरी दिशा में कूद गए और एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, जानलेवा हमला और अवैध खनन के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मर्यादपुर चौकी क्षेत्र का कुबरी गांव लंबे समय से अवैध रेत खनन का गढ़ बना हुआ है। यहां से प्रतिदिन ट्रैक्टर और ट्रकों के माध्यम से बड़े पैमाने पर बालू का अवैध परिवहन होता है। घटना की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से फैली, अन्य माफिया वाहन चालक सतर्क हो गए। कई ट्रैक्टर चालकों ने सड़क पर बालू गिराकर वाहन सहित भागने की कोशिश की। इनमें से एक वाहन को पकड़ लिया गया है और उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**घटना से प्रशासनिक अमले में हलचल**-इस पूरी घटना ने प्रशासनिक अमले को झकझोर कर रख दिया है। अधिकारी वर्ग अब रेत माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, प्रशासन ने भी इस पर गंभीर रुख अपनाते हुए पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। रामनगर एसडीएम आरती सिंह ने कहा कि हमने पुलिस को सूचना दे दी है। संबंधित व्यक्ति की पहचान होने के उपरांत उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जा रहीं है।

# युवक ने की आत्महत्या




सतना। थाना सिविल लाइन अंतर्गत एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने गंभीर खुलासा करते हुए महिला मित्र को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी. सिंह चौहान के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में की गई। अपने किराए के कमरे में आत्महत्या

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 16 जून 2025 को दुष्यंत सिंह पिता स्व. अनिल सिंह (उम्र 35 वर्ष), निवासी मास्टर प्लान, थाना सिविल लाइन, ने अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 52/25 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी।

**संबंध सार्वजनिक करने की धमकी**-मर्ग जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर सामने आया कि मृतक की महिला मित्र वैशाली मिश्रा (उम्र 27 वर्ष), निवासी मास्टर प्लान, से पिछले एक वर्ष से घनिष्ठ संबंध थे। वैशाली द्वारा मृतक पर पत्नी व बच्चों को छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा था। वह मृतक को धमकाती थी कि यदि वह उसके साथ नहीं रहा तो संबंधों की जानकारी सार्वजनिक कर देगी।

**मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर की आत्महत्या**-लगातार मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर दुष्यंत सिंह ने आत्महत्या कर ली। जांच में अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपिया वैशाली मिश्रा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 420/25, धारा 108 भादंवि के तहत मामला दर्ज किया गया तथा उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



# नगरीय क्षेत्रों में झुग्गी बस्तियों के विस्तार को नियंत्रित करने कार्य-योजना बनाई जाए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नगरों में झुग्गी बस्तियों के विस्तार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से, लोगों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए किफायती और सुविधाजनक आवास सुविधा विकसित करने कार्य-योजना बनाई जाए। नगरीय क्षेत्र में पर्यावरण की बेहतरी के लिए उद्यानों को विकसित करना और विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड सहित सभी आवासीय परियोजनाओं में पौध-रोपण को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के बड़े तालाब के आसपास अवैध निर्माण का सर्वेक्षण करवा कर उन पर कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नगरीय विकास एवं आवास विभाग की मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में कॉलोनियों के विकास में देश के प्रतिष्ठित बिल्डर्स एंड कॉलोनाईजर्स को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ औद्योगिक क्षेत्रों में होने वाली आकस्मिक घटनाओं पर नियंत्रण के लिए अग्निशमन सेवा का आधुनिकीकरण तत्काल किया जाए। अंतर्शहरी क्षेत्र में रेल सेवा के विस्तार के लिए नमो ट्रेन की योजना तैयार की जाए। जल्द ही इस पर केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा कर मदद ली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों को प्राथमिकता के आधार पर आवास सुविधा उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश में मीट-मछली के दुकानदारों को व्यवस्थित करने और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने के लिए नगरीय निकायों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार्मिक क्षेत्रों में दीनदयाल रसोई योजना के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में सरकारी मदद के साथ स्वंयसेवी संस्थाओं और निजी दानदाताओं की मदद ली जाए। शहरी क्षेत्रों में स्थानीय समुदाय के स्व-सहायता समूह तैयार कर उन्हें आधुनिक लॉण्ड्री शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं अन्य योजनाओं में तैयार किए गए आवासों के आधिपत्य बनने के साथ ही सौंपे जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पर्यावरण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसके लिए जरूरी है कि शहरी क्षेत्रों में आरक्षित भूमि चयनित कर %नगर वन% अधिक से अधिक विकसित किए जाएं और उनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी तय की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय बैठक में प्रमोशन प्रक्रिया की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों को तय समय-सीमा में प्रमोशन दिया जाए।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों के लिए 2.70 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त

इंदौर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये जारी की गई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिल रही है। विभाग द्वारा 19 जून को जारी विज्ञापन के तहत कुल 19,504 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसमें अब तक 2,70,152 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। भर्ती प्रक्रिया में दस संभागों से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए 55,730 और आंगनवाड़ी सहायिका के लिए 2,14,422 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित की गई है, जबकि भरे गए आवेदन में सुधार की अंतिम तिथि 7 जुलाई है। उल्लेखनीय है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के कुल 19 हज़ार 504 पदों की पूर्ति के लिए इंदौर संभाग से सबसे अधिक 47 हज़ार 116 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिन में 38 हज़ार 601 सहायिका के पद और 8 हज़ार 515 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। जबलपुर संभाग से कुल 44 हजार 258 आवेदन में से 34 हजार 317 सहायिका के और 9 हजार 941 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के आवेदन प्राप्त हुए है। सागर संभाग से 33 हज़ार 513 में से सहायिकाओं के पद के लिए 27 हज़ार 857 और कार्यकर्ता के लिए 5 हज़ार 656 आवेदन आए है।

भोपाल में कुल 28 हज़ार 850 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें सहायिका के पद के लिए 22 हजार 397 और कार्यकर्ता के लिए 6 हज़ार 453 आवेदन प्राप्त हुए है। इसी प्रकार रीवा से 28 हज़ार 519 कुल आवेदन प्राप्त हुए है।

## इंदौर जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि वितरण का मुख्य कार्यक्रम बाल विनय मंदिर में होगा

इंदौर। मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत इंदौर जिले के 5312 मेधावी विद्यार्थियों को कुल 13 करोड़ 28 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रत्येक विद्यार्थी के बैंक खाते में 25 हजार रुपये की राशि सीधे जमा की जाएगी। यह राशि मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव द्वारा 4 जुलाई 2025 को वर्चुअल माध्यम से अंतरित की जाएगी। जिले का मुख्य कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री शंकर लालवानी करेंगे। कार्यक्रम में विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद रहेंगे। जिले के 5312 विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह से राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करेंगे, जिसका सजीव प्रसारण बाल विनय मंदिर इंदौर सहित जिले के सभी विकासखंडों में किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें संबंधित क्षेत्र के विधायकों और अधिकारियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को राशि का लाभ मिलेगा।

# सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों की मांगों का निराकरण संवेदनशीलता के साथ किया जाये

इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों की मांगों को ध्यान से सुने और उनका प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। मांगों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी सप्ताह में दो दिन निश्चित कर लें। विस्थापितों की मांगों के प्रति संवेदनशीलता रखें।



संभागायुक्त श्री दीपक सिंह से नर्मदा बचाव आंदोलन का प्रतिनिधि मण्डल सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री मेधा पाटकर के नेतृत्व में आज विजय नगर स्थित नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के आयुक्त कार्यालय पर मिला। यहाँ उन्होंने सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों की मांगों को लेकर चर्चा की। इस मौके पर नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अपर संचालक श्री शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, संयुक्त संचालक श्रीमती रतना बोचरे, धार, खरगोन, बड़वानी, आलीराजपुर जिले के अनुविभागीय अधिकारी, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के इंजीनियर्स, भू-अर्जन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

संभागायुक्त श्री सिंह ने प्रतिनिधि मण्डल की मांगों को ध्यान से सुना और आश्वस्त किया कि इनका समाधान किया जायेगा। संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों की मांगों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें।

## गुरुग्राम राष्ट्रीय सम्मेलन में इंदौर का स्वच्छता मॉडल रहा आकर्षण का केंद्र

इंदौर। गुरुग्राम (हरियाणा) लोकसभा सचिवालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में इंदौर नगर निगम ने शहरी विकास, स्वच्छता और नवाचार के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों का प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण किया। सम्मेलन का आयोजन 3 और 4 जुलाई को हरियाणा के गुरुग्राम में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने सहभागिता की और इंदौर में लागू किए गए प्रभावी नवाचारों व योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने किया।



सम्मेलन का विषय ÷शहरी स्थानीय निकायों की संवैधानिक लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण में भूमिका÷ था। इसका उद्देश्य शहरी प्रशासन को अधिक प्रभावी, समावेशी एवं नवाचारोन्मुख बनाना है, जिससे विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार किया जा सके।

महापौर और आयुक्त द्वारा इंदौर की जो प्रमुख योजनाएं प्रस्तुत की गई, उनमें इंदौर का स्वच्छता मॉडल, डिजिटल प्लेट प्रोजेक्ट, जनसहभागिता आधारित अभियान, सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट और हरित शहर की दिशा में उठाए गए कदम शामिल थीं।

## राजकीय बाल संरक्षण आश्रम के बच्चों को मिलेगी अब बस सुविधा, बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए बनेगा नया भवन

इंदौर। राजकीय बाल संरक्षण आश्रम इंदौर में निवासरत अनाथ बच्चों के लिए अब स्कूल आने-जाने हेतु विशेष बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इसके लिए नई बस क्रय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही परदेशीपुरा स्थित समाज कल्याण परिसर में निवासरत बौद्धिक दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों के लिए नया भवन निर्मित किया जायेगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गए हैं। कलेक्टर कार्यालय में आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि बाल कल्याण एवं संरक्षण से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से 18 वर्ष से कम उम्र के नशाग्रस्त बच्चों के पुनर्वास और नशा मुक्ति की दिशा में विशेष प्रयास किये जायें। इसके लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद भी ली जायें। बैठक में जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और समुचित देखभाल की व्यवस्था और भी बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# इंदौर जिले के 5 हजार 312 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु मिलेगी 13 करोड़ 28 लाख रुपये की राशि

इंदौर। इंदौर जिले के 5 हजार 312 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु 13 करोड़ 28 लाख रुपये की राशि उनके बैंक खातों में आयेगी। मुख्य कार्यक्रम जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में सांवेर में होगा। सांवेर विधानसभा क्षेत्र के 431 बच्चे लाभान्वित होंगे। इनके खाते में एक करोड़ 7 लाख 75 हजार रुपये की राशि आयेगी।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार ने भी प्रदेश को विकसित मध्यप्रदेश 2047 बनाने का संकल्प लिया है, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्कूली शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह की उपस्थिति में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु राशि का प्रदाय का कार्यक्रम 4 जुलाई को दोपहर 11 बजे कुशाभाउ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर मिन्टो हॉल भोपाल में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु प्रति विद्यार्थी 25 हजार उनके बैंक खाते में 2 दो अरब 35 करोड़ 58 लाख 50 हजार रुपये सिंगल क्लिक से जमा की जायेगी।

इन्दौर जिले में 5 हजार 312 विद्यार्थियों को 13 करोड़ 28 लाख रुपये की राशि का भुगतान होगा। मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि सांवेर विधानसभा में 431 विद्यार्थियों के खाते में एक करोड़ 7 लाख 75 हजार की राशि डाली जायेगी। सांवेर में उक्त कार्यक्रम जनपद पंचायत सांवेर के सभागृह में किया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का डिजिटल इण्डिया का यह संकल्प युवा शक्ति पूरा करेगी।

# आबकारी विभाग ने लगभग 12 लाख रुपये मूल्य की मदिरा को किया नष्ट

इंदौर। आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर श्री आशीष सिंह के आदेश पर तथा सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी और अनुविभागीय अधिकारी श्री अभिजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में आबकारी विभाग इन्दौर ने माउण्ट ब्रेवरी लिमिटेड सिमरोल में मानव उपयोग के लिए अनुपयुक्त एवं न्यायालयीन प्रकरणों में जप्त 317 पेटी मदिरा का नष्टीकरण किया। नष्टीकरण की गई मदिरा की कुल मात्रा 2853 बल्क लीटर थी, जिसका बाजार मूल्य लगभग 12 लाख 82 हजार रूपये है। मदिरा की बोतलों पर रोड रोलर चलाकर बोतलों को फोड़कर नष्टीकरण किया गया। नष्टीकरण समिति में अनुविभागीय अधिकारी श्री अभिजीत श्रीवास्तव, सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक त्रिपाठी, सहा. ज़िला आबकारी अधिकारी श्री अनिल माथुर और आबकारी उपनिरीक्षक श्री सुनील मालवीय शामिल थे।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम  वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम  वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# गुरूग्राम में आयोजित दो दिवसीय शहरी स्थानीय निकायों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मिलित हुई निगम अध्यक्ष

उज्जैन। भारतीय संसद नई दिल्ली एवं हरियाणा विधानसभा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन में उज्जैन से निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव सम्मिलित हुई, सम्मेलन का शुभारंभ गुरुवार 3 जुलाई को गुरुग्राम में हुआ जिसके शुभारंभ सत्र में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद कल्याण, श्री विपुल गोयल शहरी स्थानीय निकाय मंत्री, हरियाणा सरकार ओर अन्य मंत्रीगण उपस्थित रहे।

उक्त शुभारंभ सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा अपने संबोधन नगरी निकाय में सदन/परिषद की कार्यवाही को राष्ट्रीय उन्नति की सबसे महत्वपूर्ण शाखा कहते हुए कहा कि परिषद/सम्मिलन का हर सत्र महत्वपूर्ण होता हैं चाहे वह




प्रश्नकाल हो या शून्य काल/ प्रश्न पर चर्चा, सभी निकाय/राज्य/राष्ट्रीय निर्माण के प्रति जिम्मेदारी के प्रतीक हैं।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में पांच थीम पर चर्चात्मक समीक्षा हुई जिसमें निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा द्वितीय थीम संवैधानिक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और राष्ट्रनिर्माण में शहर स्थानीय निकायों को भूमिका एवं उप विषय 2 समावेशी विकास और प्रगति के साधन के रूप में शहरी स्थानीय निकाय संवैधानिक जनादेश को पूरा करने के लिए नगर पालिका शासन को अधिक प्रभावी बनाना की अध्यक्षता करते हुए सभाकक्ष में उपस्थित भिन्न राज्यों से सम्मिलित हुए डेलीगेट्स के साथ अपने अनुभव और नगर निगम की सक्सेस स्टोरी से अवगत कराया गया।

अध्यक्ष विधानसभा हरियाणा हरविंद  कल्याण की ओर से रात्रि सहभोज का कार्यक्रम रखा जिसमें हरियाणा राज्य के सांस्कृतिक, पारंपरिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह हरियाणा सरकार का स्वागत और कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### बंचारी नृत्य बना आकर्षण

सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधियों का स्वागत कलाकारों ने बंचारी नृत्य प्रस्तुत करते हुए किया जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री  नायब सिंह नैनी द्वारा भी इसका आनंद उठाया कई प्रतिनिधियों ने तो कलाकारों के साथ नृत्य कर इसका आनंद लिया। निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव ने बताया कि हरियाणवी संस्कृति से भी रूबरू होने का बहुत बेहतर मौका लोकसभा कार्यालय ने दिया है।

# माधव कॉलेज में हुआ डॉ सुरेश मकवाना का सारस्वत सम्मान




उज्जैन। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ सुरेश मकवाणा ने अपने दीर्घ कार्यकाल में वाणिज्य के विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और महाविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

यह उद्गार प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने डॉ सुरेश मकवाणा के सारस्वत सम्मान के अवसर पर व्यक्त किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने उन्हें पुष्प हार अर्पित कर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने शाल-श्रीफल से सारस्वत सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ दिनेश जोशी, डॉ अल्पना दुभाषे, डॉ ज्योति वेद, डॉ एलएस गोरसिया, डॉ दीपक ठाकर, डॉ सुनील सूर्यवंशी, डॉ मोहन निमोले, डॉ चंद्रदीप यादव, डॉ संजीव शर्मा, डॉ जीएल खागोडे विशेष रूप से उपस्थित थे। संचालन डॉ जफर महमूद ने किया। आभार डॉ अल्पना उपाध्याय ने व्यक्त किया।

# सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण युवाओं ने किया चिकित्सकों का सम्मान



नागदा। श्री सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज के युवाओं ने चिकित्सक दिवस के अवसर पर शहर के चिकित्सा सेवा देने वाले डॉक्टर का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। युवा अध्यक्ष अजय पण्ड्या ने बताया प्रतिवर्ष युवा संगठन द्वारा नगर वासियों को स्वस्थ रखने के लिए चिकित्सा की अमूल्य सेवा प्रदान करने वाले नगर के डॉक्टरों का सम्मान किया जाता है।

# समाज को गौरवांवित कर रहे युवाओं को मिलेगा सिन्धू युवा अवार्ड

उज्जैन। सिन्धी युवाओं में अपनी भाषा व संस्कृति के प्रति गौरव का भाव जगाने के उद्देश्य से सिन्धू प्रवाह अकादमी द्वारा राष्टीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली एवं सिन्धू जागृत समाज के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम हां मां सिंधी आह्यां के अंतर्गत समाज के ऐसे प्रतिभाशाली सिंधी युवा जो कला, संस्कृति, खेल, प्रशासन, विज्ञान एवं समाज सेवा आदि क्षेत्रों में राष्टीय- अंतरराष्टीय स्तर पर कार्य कर समाज को गौरवांवित कर रहे हैं अकादमी ऐसे युवाओं को सिन्धू युवा अवार्ड के लिए नामांकन आमंत्रित कर रही है।

सिन्धू प्रवाह अकादमी के अध्यक्ष कुमार किशन ने बताया कि अकादमी प्रतिभाशाली युवाओं को अतिथि के रूप में आमंत्रित कर उनके हाथों दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी। साथ ही चयनित युवा कार्यक्रम का संचालन एवं प्रबंधन करेगें तथा विशिष्ट पंक्ति के दर्शक होंगे। ऐसे प्रतिभाशाली इच्छुक युवा व युवतियां अपने विशिष्ट परिचय एवं प्रमाण पत्रों के साथ गुरु गोकुल कला मंडप 8 आशा भवन माधव क्लब रोड  पर जमा कर सकते हैं।

# महाकाल के पुजारी त्रिवेणी को अमेरिका की संस्था ने दिया होनरेरी प्रोफेसर सम्मान



उज्जैन। महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित रमण त्रिवेदी को यूएसए अमेरिका की संस्था ग्रेस लेडीज ग्लोबल एकेडमी ने होनरेरी प्रोफेसर के सम्मान से सम्मानित किया। पंडित गोपाल त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की अध्यक्ष होनरेरी प्रोफेसर डॉ. सोना पांडे ने पंडित त्रिवेदी को उनके द्वारा अब तक समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए अनेक उल्लेखनीय कार्यो को देखते हुए स्पिरिचुअल गाइडेंस के अंतर्गत एचसी होनरेरी प्रोफेसर का सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान संस्था की ओर से भारत में प्रतिनिधि इंटरनेशनल पेड मैन लीजेंड लीडर एचसी प्रोफेसर डॉ. बीरेन दवे ने उज्जैन में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया। इस उपलब्धि पर पंडित त्रिवेदी को हरिमोहन बुधौलिया, बीके शर्मा, अमित उपाध्याय, पुजारी दिनेश गुरु, श्रीमती निर्मला त्रिवेदी, उमेश गुरु ने बधाई दी।

# प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय औसत से आगे




उज्जैन। भारत 1998 से विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय औसत से आगे है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश को 'नेशनल डेयरी कैपिटल' बनाया जाए। यह संगोष्ठी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने इंडियन डेयरी एसोसिएशन पश्चिम क्षेत्र  एवं विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में मध्य प्रदेश में डेयरी विकास- संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ विषय पर विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय दो दिवसीय राष्टीय संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए मुख्यअतिथि के रूप में उपरोक्त उद्गार व्यक्त किये । आयोजन 44 वर्षो बाद किया जा रहा है जिसमें देशभर के दुग्ध उत्पादकों के साथ कपनियों,मैनेजमेंट के अलावा तकनीकी क्षेत्रों के विशेषज्ञ इसमे सहभागिता कर रहे हैं ।

श्री कालूहेड़ा ने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हम अमेरिका जैसे विकसित देश से भी कहीं अधिक दुग्ध उत्पादन कर रहे हैं। राज्य सरकार का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि मध्यप्रदेश को 'नेशनल डेयरी कैपिटल' बनाया जाए और इस दिशा में आईडीए एवं विश्वविद्यालय का यह प्रयास ऐतिहासिक है। डेयरी एक उद्योग ही नहीं, बल्कि लाखों किसानों की आजीविका, महिला सशक्तिकरण और पोषण सुरक्षा का स्रोत है। मैं चाहूंगा कि इस मंच से निकलने वाले विचार, नीति और पहल प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचे।

विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरू प्रो अर्पण भारद्वाज ने संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि, डेयरी टेक्नोलॉजी केवल तकनीकी शिक्षा नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और सहकारिता आंदोलन से जुड़ा व्यापक दृष्टिकोण है। 25 वर्षो बाद मध्यप्रदेश में फिर से डेयरी टेक्नोलॉजी संस्थान की स्थापना मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव की घोषणा से संभव हुई है।

प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि जब हम डेयरी की बात करते हैं तो केवल दूध उत्पादन नहीं, बल्कि पूरे ग्रामीण सामाजिक संरचना की बात करते हैं—चरागाहों से लेकर सहकारी समितियों तक। राजस्थान जैसी शुष्क भूमि में आज सबसे अधिक दूध उत्पादन हो रहा है, यह इस बात का संकेत है कि संसाधन नहीं, उनका वैज्ञानिक उपयोग सफलता तय करता है।प्रो भारद्वाज ने कहा कि,डेयरी टेक्नोलॉजी में हमारे छात्र केवल तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि संवेदनशील नेतृत्व भी विकसित करेंगे। यह संस्थान मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव की घोषणा का साकार रूप है, जो उन्होंने 5 जनवरी को इसी परिसर में की थी। मेरा विश्वास है कि यह संस्थान आने वाले वर्षो में देश के अग्रणी डेयरी संस्थानों में से एक होगा।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com